# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)

(श्री कल्याण राजकीय महाविद्यालय के पीछे, सीकर–332001)
टेलीफोन नं. 01572–272100, 273100, 273200 टेलीफेक्स 01572–273100
वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com


क्रमांकः F-68 ( ) PDUSU/Academic/Convocation/2019/ 13076 दिनांकः 03-06-19

## दीक्षान्त समारोहः सूचना

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर द्वारा दिनांक 13 जुलाई, 2019 को विश्वविद्यालय के कटराथल परिसर पर आयोजित दीक्षान्त समारोह के संबंध में सभी अधिकारियों, प्राधिकार मण्डल के सदस्यों एवं स्वर्ण पदक, कुलाधिपति स्वर्ण पदक, पदवीयों एवं कुलाधिपति सम्मान प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों के लिए**

## आवश्यक सूचना

1. पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के स्टेच्यूट 23 के संदर्भ में स्टेच्यूट के अध्याय 3 के अन्तर्गत स्टेच्यूट 6 के क्लोज (13) के उपखण्ड (iv) के अन्तर्गत पदवियों के लिए अधिकृत विद्यार्थियों पर पदवी प्रदान करने आवश्यक प्रक्रिया के निष्पादन हेतु विश्वविद्यालय के प्रबंध मण्डल द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन को अधिकृत किया गया है।
2. विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम दीक्षान्त समारोह 13 जुलाई, 2019 को विश्वविद्यालय के कटराथल परिसर पर आयोजित किया जायेगा तथा महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को पदविया 14 जुलाई, 2019 को संबंधित महाविद्यालय में दी जायेगी। कार्यक्रम के समय की सूचना राजभवन द्वारा कार्यक्रम प्राप्त होने के बाद वेबसाइट पर सूचित की जायेगी।
3. शैक्षणिक सत्र 2016–17 के लिए आयोजित परीक्षा–2017 में स्नातकोत्तर इत्यादि परीक्षाओं में पदवी के लिए सूची अनुसार पात्रता प्राप्त परीक्षित विद्यार्थियों के लिए दीक्षान्त समारोह आयोजित कर पदवियां प्रदत करने की अनुमति प्रबंध मण्डल द्वारा प्रदान की गयी है।
4. दीक्षान्त समारोह में उन्ही विद्यार्थियों को पदविया प्रदान की जावेगी, जिन्हे स्वर्ण पदक, कुलाधिपति स्वर्ण पदक अथवा कुलाधिपति सम्मान दिये जाने है।
5. विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पदवी की पात्रता रखने वाले परीक्षित विद्यार्थियों के नाम प्रबंध मण्डल द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है तथा ऐसे विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
6. दीक्षान्त समारोह में भाग लेने वाले अनुमत अधिकारियों, प्राधिकार मण्डल के सदस्यों के लिए शैक्षणिक ड्रेस/गणवेश कोड निम्नानुसार होगा। दीक्षान्त प्रोसेशन में भाग लेने एवं दीक्षान्त डायस पर बैठने उक्त गणवेश अनिवार्य है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

| | |
|---|---|
| Chancellor | 1. **Male:** Jodhpuri Suit (White/off-white/cream colour), Rajasthani 'Turban' and Black Shoes<br>2. **Female:** Saree (White/off-white/cream colour) with colour of the Boarder and Blouse as decided by the University and Black Sandal/Slipper. |
| Vice-Chancellor<br>Registrar | 1. **Male:** Jodhpuri Suit (White/off-white/cream colour), Rajasthani 'Turban' and Black Shoes<br>2. **Female:** Saree (White/off-white/cream colour) with colour of the Boarder and Blouse as decided by the University and Black Sandal/Slipper. |
| Members of University | 1. **Male:** Jodhpuri Suit (White/off-white/cream colour), Rajasthani 'Turban' and Black Shoes |

| | |
|---|---|
| Authorities/Officials | 2. **Female:** Saree (White/off-white/cream colour) with colour of the Boarder and Blouse as decided by the University and Black Sandal/Slipper. |
| Authorities/Public Representatives and different nominated persons including non-officials. | 1. **Male:** Jodhpuri Suit/ *'Kurta-payjama'*/ Paint-Shirt/*'Dhoti-Kurta'* (White/off-white/ cream colour), Rajasthani 'Turban' and Black Shoes<br>2. **Female:** Saree/ *'Salwar-Suit'* (White/off-white/cream colour) with colour of the Boarder and Blouse/*'Chunni'*/ *'Dupatta'* as decided by the University and Black Sandal/Slipper. |

**नोटः** विश्वविद्यालय के विभिन्न प्राधिकार मण्डल के सदस्यों (प्रबंध मण्डल एवं विद्या परिषद के सदस्य), विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं (डीन) को अपने लिए निर्धारित गणवेश की व्यवस्था स्वयं को करनी होगी तथा उन्हे स्टोल/दुपट्टा विश्वविद्यालय की तरफ से उपलब्ध करवाया जायेगा।

7. दीक्षान्त समारोह में स्वर्ण पदक एवं पदवी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक गणवेश निम्न प्रकार से होगी। गणवेश की व्यवस्था विद्यार्थी को स्वयं ही करनी होगी:

| | |
|---|---|
| Receipients/Students of Degree/ Medals<br>दीक्षान्त समारोह में पदवी एवं मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए | 1. **Male:** *'Kurta-payjama'*/ Paint-Shirt/ *'Dhoti-Kurta'* (White colour) and Black Shoes<br>पुरूष : कुर्ता–पायजामा/पेन्ट –शर्ट/धोती कुर्ता (सफेद रंग के होने अनिवार्य है) एवं काले जूते।<br>2. **Female:** Saree/*Salwar-Suit* (White colour) with colour of the Boarder and Blouse/ *'Chunni'*/ *'Dupatta'* as decided by the University and Black Sandal/Slipper<br>स्त्रीः साड़ी/सलवार–सूट (सफेद रंग के होने अनिवार्य है) एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारत रंग का बॉर्डर और ब्लाउज/चुन्नी/दुपटा तथा काले सेन्डल/चप्पल |

8. दीक्षान्त समारोह में विभिन्न संकायों के लिए स्टोल/दुपट्टा का रंग निम्नानुसार होगा।

| **संकाय** | **रंग** |
|---|---|
| कला एवं समाज विज्ञान संकाय | लाल |
| विज्ञान संकाय | हल्का नीला |
| वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय | पीला |
| विधि संकाय | बैंगनी |
| शिक्षा | गहरा लाल |

9. स्टेज पर स्वर्ण पदक की पात्रता रखने वाले परीक्षित विद्यार्थियों को स्टेज पर पदक एवं पदवी तथा कुलाधिपति सम्मान प्रमाण–पत्र लेने हेतु दीक्षान्त समारोह की तिथि से कम से कम 15 दिवस पूर्व विश्वविद्यालय के कुलसचिव को दीक्षान्त समारोह में भाग लेने की सूचना देनी होगी।
10. दीक्षान्त समारोह दरमियान स्टेज पर स्वर्ण पदक एवं पदवी प्राप्त करने के लिए निर्धारित पोशाक(ड्रेस) में आना अनिवार्य होगा तथा पोशाक(ड्रेस) की व्यवस्था संबंधित परीक्षित विद्यार्थी को स्वयं को करनी होगी। परन्तु स्टॉल/दुपट्टा विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा, जिसे दीक्षान्त समारोह के बाद विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत व्यक्ति के समक्ष जमा करवाना होगा। विश्वविद्यालय को इस हेतु राशि रू. 50 जमा करवानी होगी, जिसे स्टॉल/दुपट्टा लौटाने पर वापस लौटा दिये जायेंगे।
11. स्वर्ण पदक, कुलाधिपति स्वर्ण पदक एवं कुलाधिपति सम्मान प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के लिए पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
12. परीक्षित विद्यार्थी जिन्हें स्वर्ण पदक/कुलाधिपति स्वर्ण पदक, कुलाधिपति सम्मान प्रमाण–पत्र एवं स्टेज पर पदवी प्रदान किया जाना प्रस्तावित है, वे अपने साथ कार्यक्रम में अधिकतम दो तक की

संख्या में अपने स्वयं के मेहमान ला सकते हैं, जिसकी सूचना उन्हें अपने द्वारा कार्यक्रम में भाग लिये जाने की सूचना के साथ कुलसचिव को देनी होगी तथा उनके किसी भी फोटो आईडी की प्रति कुलसचिव कार्यालय में हस्ताक्षर के साथ जमा करवानी होगी।

13. जो विद्यार्थी स्वर्ण पदक, कुलाधिपति स्वर्ण पदक एवं कुलाधिपति सम्मान प्रमाण–पत्र दीक्षान्त समारोह में व्यक्तिशः उपस्थित होकर माननीय कुलाधिपति जी से प्राप्त करना चाहते है, वे इसकी सूचना कुलसचिव को बिना त्रुटि के सूचित करें।

कुलसचिव